# प्रदेश के 70 विधानसभा सीटों में 68.15 प्रतिशत हुई वोटिंग



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण के 70 सीटों में मतदान शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस बीच भारत निर्वाचन आयोग ने वोटिंग के आंकड़े जारी किये है। जिसके अनुसार सभी 70 सीटों में कुल 68.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसमें से विधानसभावार सबसे अधिक मतदान कुरूद में 82.6 प्रतिशत रहा वहीं सबसे कम रायपुर दक्षिण में 52.22 प्रतिशत मतदान हुआ है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण में शुक्रवार को 70 सीटों पर चुनाव संपन्न हुआ है। सभी विधानसभा सीटों में मतदाताओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। सुबह से ही पोलिंग बुथों पर मतदाताओं की लाईन देखने को मिली। वहीं पहली बार वोट डालने पहुंचे नव मतदाताओं का उत्साह भी देखते ही बन रहा था। राजधानी रायपुर के सभी विधानसभा सीटों पर शांति पूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ है। देर शाम भारत निर्वाचन आयोग ने शाम 5 बजे तक के वोटिंग के आकड़े जारी किये है।

भरतपुर सोनहत-67.94, मनेन्द्रगढ़-69.9, बैकुण्ठपुर 73.56, प्रेमनगर-68.05, भटगांव-67.5, प्रतापपुर-63.46, रामानुजगंज-65.5, सामरी-70.4, लुण्ड्रा-70.5, अम्बिकापुर-65.05, सीतापुर-68.4, जशपुर-70.47, कुनकुरी-72.66, पत्थलगांव-71.25, लैलुंगा-76.42, रायगढ़-71.23, सारंगढ़-78.04, खरसीया-81.43, धरमजयगढ़-72.36, रामपुर-70.34, कोरबा-65.83, कटघोरा-71.63, पाली-तानाखार-79.35, मरवाही-71.2, कोटा-65.69, लोरमी-64.48, मुंगेली-65.89, तखतपुर-61.5, बिल्हा-66.39, बिलासपुर-56.28, बेलतरा-59.08, तस्तुरी-59.5, अकलतरा-67.97, जांजगीर-चांपा-68.63, सख्ती-68.9, चन्द्रपुर-62.5, जैजैपुर-60.7, पामगढ़-60.2, सरायपाली-71.12, बसना-70.3, खल्लारी-70.69, महासमुंद-68.16, बिलाईगढ़-69.18, कसडोल-67.19, बलौदाबाजार-72, भाटापारा-74.27, धरसींवा-71.86, रायपुर ग्रामीण-53.8, रायपुर पश्चिम-54.68, रायपुर उत्तर-54.5, रायपुर दक्षिण-52.11, आरंग-68.6, अभनपुर-60.13, राजिम-71.23, बिन्द्रानवागढ़-71.02. सिहावा-78.2, कुरूद-82.2, धमतरी-78.8, संजारीबालोद-79.63, डोंडीलोहारा-75.01, गुंडरदेही-78.27, पाटन-75.54, दुर्ग ग्रामीण-69, दुर्ग-शहर-62.8, भिलाईनगर-63.54, वैशालीनगर-53, अहिवारा-67.77, साजा-72.62, बेमेतरा-73.64, नवागढ़-72.73 प्रतिशत मतदान हुआ।

## मतदान केन्द्रों में वोटर्स को हो रहा हैप्पी वोटिंग का अनुभव, की गई है व्यापक तैयारियां

**रायगढ़।** मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही मतदान केन्द्र को आकर्षक बनाने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष प्रयास किया है। जिससे वहां वोट डालने आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही वे अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित हो। इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ के आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 131 छुहीपाली में व्यापक तैयारियां की गई है। यहां मतदाताओं के लिए बैठक एवं पेयजल की व्यवस्था की गयी है। पूरे केन्द्र को आकर्षक रूप में सजाया गया है। जिससे मतदाताओं को हैप्पी वोटिंग का अनुभव हो सके।

## कलेक्टर गोयल एवं एसएसपी सदानंद कुमार ने किया मतदान केद्रों का निरीक्षण



**रायगढ़।** विधान सभा आम निर्वाचन-2023 के दूसरे चरण में जिले के चार विधान सभाओं में संपन्न हो रहे मतदान प्रक्रिया के 3 बजे अनुमानित वोटर टर्न आउट के पश्चात कलेक्टर गोयल एवं एसएसपी ने शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण करते हुए वोटिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने शास.ललित प्राथमिक शाला, शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय जूटमिल रायगढ़, एवं शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजीव नगर स्कूल में बने मतदान केंद्रों का भ्रमण किया और मतदान प्रक्रिया में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पुलिस फोर्स को वोटिंग के पश्चात कैम्पस में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश रोकने के साथ ही 5 बजे के पश्चात गेट को बंद कर मतदान की प्रक्रिया को जारी रखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मल्टी पोलिंग बूथ वाले स्थानों में जहां मतदान पूर्ण हो चुकी हैं, उन स्थानों के सुरक्षा बलों को अन्य पोलिंग बूथ में शिफ्ट कर मतदान कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। जिससे मतदाताओं को मतदान में आसानी हो।

# महत्वपूर्ण एवं खास

## कलेक्टर एवं एसएसपी ने उत्साहपूर्वक किया मतदान



**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने आज मतदान क्रमांक 65 रायगढ़ शहर के आदर्श बाल मंदिर स्कूल में कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया। उन्होंने उत्साहपूर्वक मतदान कर सभी नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर गोयल एवं एसएसपी सदानंद कुमार ने मतदान केन्द्र में बने सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी भी ली।

## दादी संग पोती ने किया वोट, बुजुर्ग दंपत्ति ने भी किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**रायगढ़।** रायगढ़ के पालीटेक्निक कालेज में बने संगवारी मतदान केन्द्र में 76 वर्षीय सुषमा श्रीवास्तव आज अपनी पोती न्यू वोटर कनु के साथ वोट देने पहुंची। इस दौरान उनकी पोती आज प्रथम बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया और खुशी जाहिर करते हुए सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही। इसी कड़ी में 82 वर्षीय अम्बा लाल पटेल एवं उनकी धर्मपत्नी 58 वर्षीय फुल कुमारी पटेल ने शास.पी.डी.कालेज पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही कलेक्टर एवं एसएसपी संग सेल्फी भी ली। इस दौरान कलेक्टर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट उपस्थित रहे।

## तीन पीढ़ियों में सास, बहू और उनकी बहू ने दी वोट



**रायगढ़।** विधानसभा आम निर्वाचन-2020 के मतदान दिवस पर आज तीन पीढ़ियों की महिलाओं ने एक साथ वोट दिया। जनपद पंचायत खरसिया के ग्राम रजघटा की केरा बाई उम्र 91 साल, उनकी बहू 66 वर्ष की लीलाबाई पटेल तथा लीला बाई की बहू प्रेमा पटेल ने मतदान केंद्र पहुंच कर मताधिकार का प्रयोग किया।

## मतदान के प्रति बुजुर्गो में दिखा भारी उत्साह, 107 साल के माधव मेहर ने किया मतदान



**रायगढ़।** जिले भर में सभी वर्ग के मतदाता मतदान करने अपने केन्द्रों में पहुंच रहे है। वहीं वरिष्ठ मतदाता भी मतदान करने में पीछे नहीं है। इसी क्रम में पुसौर के ग्राम-लोहाखान निवासी 107 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक माधव मेहर मतदान केन्द्र पहुंचकर अपना अमूल्य वोट दिया। इस अवसर पर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इसी कड़ी में 81 वर्षीय जगदीश अग्रवाल एवं 78 वर्षीय समारी धनवार ने भी पूरे उत्साह के साथ संगवारी मतदान केन्द्र गेरवानी में जाकर अपना वोट दिया एवं सेल्फी ली। विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा की 80 वर्षीय मायावती भोय ने देलारी मतदान केन्द्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## अपने नवजात शिशु संग अग्रवाल दंपत्ति पहुंचे मतदान देने, तो वहीं 5 माह की नन्ही बिटिया संग पहुंची डॉ.कुंती चौधरी

**रायगढ़।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दूसरे चरण के मतदान में आज रायगढ़ शहर के रायगढ़ शहर के आदर्श बाल मंदिर स्कूल में मोनिका अग्रवाल अपने पति एवं नवजात शिशु संग वोट देने पहुंची और मतदान किया। इसी कड़ी में कोतरा रोड स्थित संगवारी मतदान केन्द्र में डॉ.कुंती चौधरी अपनी 5 महीने की बेटी चेतना के साथ पहुंची और मतदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैने तो अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया, आप सभी भी अपने मताधिकार प्रयोग अवश्य करें। कलेक्टर गोयल ने मतदान के प्रति उनके उत्साह को देखते हुए उनकी सराहना की तथा उनके साथ फोटो भी खिचवायें। इस दौरान कलेक्टर एसएसपी सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट उपस्थित रहे।

# मतदान केंद्र पर दिव्यांग मदताओं की मदद करते दिखे पुलिसकर्मी



**रायगढ़।** विधानसभा चुनाव 2023 के द्वितीय चरण के मतदान दौरान मतदान केन्द्रों की सुरक्षा के साथ पुलिसकर्मी सामाजिक सरोकार की अहम जिम्मेदारी निभाते देखे गये। मतदान केंद्र क्रमांक 108 प्राथमिक शाला तेंदूमार में मतदान करने आई महिला अपने दूधमुंहे बच्चों को लेकर आयी थी। मतदान केन्द्र पर सुरक्षा ड्यूटी में लगी महिला आरक्षक मंगरीता पैंकरा को महिला मतदाता की मदद करते हुए उसके बच्चे को संभालने के साथ अपनी ड्यूटी करते देखा गया। वहीं अपने वोट का महत्व जानते हुए मतदान केंद्र पर पहुंच रहे दिव्यांग मतदाताओं को सुरक्षाकर्मियों ने व्हील चेयर पर मतदान केन्द्र ले जाने में मदद किया गया। अक्सर देखा गया है पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के साथ सामाजिक सरोकार के कार्य में अग्रणी रहते है।

# ग्राम सम्बलपुरी में चरित्र शंका पर पति ने पत्नी की हत्या, चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** दिनांक 16.11.2023 के दोपहर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को ग्राम सम्बलपुरी से गांव के कोसाबाडी पीछे जंगल के पगडंडी में एक महिला का शव पड़े होने की सूचना मिला। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना देते हुए अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां गांव की शारदा खडिया पति कीर्तन खडिया उम्र 35 वर्ष का शव रक्तरंजित अवस्था में पड़ा मिला। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शारदा और उसके पति कीर्तन खडिया के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हो रहा था, झगडा बढा तो कीर्तन खडिया अपने पास रखे लोहे के फावडा से शारदा खडिया के सिर में मारकर उसकी हत्या कर भाग गया है। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मौके पर शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजी। घटना के संबंध में रिपोर्ट करता निराकार रठिया के रिपोर्ट पर आरोपी कीर्तन खडिया पर हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में लिया गया। आरोपी कीर्तन खडिया के संबंध में जानकारी मिली कि वह चोरी के मामले में जेल में था, करीब दो माह पहले बाहर आया है। गांव आने के बाद से कीर्तन उसकी पत्नी पर चरित्र शंका कर झगड़ा विवाद करता था और झगड़ा विवाद में उसकी हत्या किया है। फरार आरोपी कीर्तन खडिया के आज सुबह गोपालपुर में देखे जाने की सूचना पर तत्काल टीआई प्रशांत राव स्टाफ के साथ दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी द्वारा चरित्र शंका पर उसकी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया, जिसके मेमोरेंडम पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का फवड़ा, घटना समय पहने कपड़े (खून लगे) तथा घटनास्थल के पास से महत्वपूर्ण साक्ष्य को सुरक्षित जप्त किया गया है। आरोपी कीर्तन खडिया पिता जयमंगल खडिया उम्र करीब 31 वर्ष साकिन सम्बलपुरी थाना चक्रधरनग जिला रायगढ को आज हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, उप निरीक्षक जी.एल. साहू, प्रधान आरक्षक लोमश राजपूत, आरक्षक सुशील यादव की अहम भूमिका रही है।

# कलेक्टर ने मतदान दल के ईवीएम मशीनों के संग्रहण व्यवस्था का लिया जायजा

## मतदान दल का निर्वाचन सामग्री के साथ वापसी का आगमन लगातार जारी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी और रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने मतदान दलों के निर्वाचन सामग्री वापसी के बाद संग्रहण व्यवस्था की तैयारी का जायजा लिया।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान समाप्ति के बाद कलेक्टोरेट के बाजू मंडी परिसर सारंगढ़ में दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ का निर्वाचन सामग्री ईव्हीएम, वीवीपैट का संग्रहण कार्य प्रारंभ हो गया है। संग्रहण उपरान्त स्ट्रांग रूम में सील किया जाएगा। सारंगढ़ के समीपस्थ ग्राम चंवरपुर मतदान केन्द्र से मतदान दल का सामग्री के साथ वापसी का पहला आगमन हुआ है। इसके साथ-साथ अन्य मतदान केन्द्रों से भी मतदान दलों का निर्वाचन सामग्री के साथ वापसी लगातार हो रहा है।



## प्रेक्षक पवन कुमार ने बिलाईगढ़ के 45 मतदान केन्द्रों के मतदान कार्य का निरीक्षण किया

बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार ने मतदान दिवस पर बिलाईगढ़ क्षेत्र के 19 मतदान केन्द्र और कसडोल क्षेत्र में स्थित बिलाईगढ़ विधानसभा के 129 मतदान केन्द्रों के 26 मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। प्रेक्षक पवन कुमार ने मतदान कार्मिकों के द्वारा किए जा रहे मतदान कार्य का अवलोकन किया। इस दौरे में लाइजनिंग अधिकारी शैलेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

## व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने सलिहा एफएसटी के कार्यों का जांच किया


सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सलिहा स्थैतिक निगरानी दल (एफएसटी) और वनोपज जांच चौकी के कार्यों का जांच किया। इस दौरान सिंह ने एफएसटी दल के कर्मचारियों से जांच के संबंध में जानकारी लिया। व्यय प्रेक्षक सिंह ने सलिहा के मतदान केन्द्र का भी अवलोकन किया।

## व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने मतदान केन्द्रों के वोटिंग का निरीक्षण किया

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन द्वितीय चरण के मतदान तिथि 17 नवंबर को सारंगढ़-17 और बिलाईगढ़-43 विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया। सिंह ने मतदान कार्मिकों द्वारा किए जा रहे निर्वाचन कार्यो और मतदाताओं द्वारा कर रहे गुप्त मतदान व्यवस्था का निरीक्षण किया।

# वोटर टर्न आउट एप से मिला विधानसभाओं का मतदान प्रतिशत

## सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के 11,1,3 और 5 बजे का मतदान प्रतिशत प्राप्त




**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर टर्न आउट एप के माध्यम से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और मिजोरम के विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान प्रतिशत का रिकार्ड प्रति दो घंटे में अपडेट मिला। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मतदाताओं के द्वारा किए गए मतदान का प्रतिशत सुबह 11 बजे तक जिले में 18.01 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 18.19 प्रतिशत और सारंगढ़ में 17.80 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार दोपहर 1 बजे तक जिले में 42.44 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 39.16 प्रतिशत और सारंगढ़ में 46.20 प्रतिशत मतदान हुआ। अपरान्ह 3 बजे तक जिले में 59.28 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 57.23 प्रतिशत और सारंगढ़ में 61.62 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार शाम 5 बजे तक जिले में 73.31 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 69.18 प्रतिशत और सारंगढ़ में 78.04 प्रतिशत मतदान हुआ।

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 73.31 प्रतिशत हुआ मतदात

## सारंगढ़ विधानसभा में 78.04 प्रतिशत और बिलाईगढ़ विधानसभा में 69.18 प्रतिशत



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को स्थापना के एक वर्ष के दौरान ही विधानसभा निर्वाचन 2023 को संपन्न कराने का अवसर प्राप्त हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में और सामान्य प्रेक्षक तापस राय, पवन कुमार, पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा और व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह के जिले में उपस्थिति, सहयोग और मार्गदर्शन में मतदान कार्य संपन्न हुआ। 17 नवंबर को शाम 5 बजे की स्थिति में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 73.31 प्रतिशत, सारंगढ़ विधानसभा-17 में 78.04 प्रतिशत और बिलाईगढ़ विधानसभा-43 में 69.18 प्रतिशत मतदान हुआ।

## संगवारी मतदान केंद्र महिलाओं और दिव्यांगों के लिए बना बहुपयोगी

निर्वाचन में मतदान को महिलाओं, दिव्यांगों व युवाओं सहित सभी नागरिकों के लिए सरल और सहभागी बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निरंतर प्रयास और व्हीलचेयर की सुविधा दिए जा रहे हैं। निर्वाचन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ में संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिले के झिलगिटार की 86 वर्षीय महिला जमुना यादव को संगवारी मतदान केन्द्र क्रमांक 214 द्वारा मतदान करने के लिए सहयोग के रूप में व्हीलचेयर प्रदान किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के इस सुविधा से खुश होकर मतदाता जमुना यादव ने आयोग और सभी सहयोगियों का धन्यवाद दिया।

## व्हीलचेयर का सहयोग मिला तो दिव्यांग ने पहली बार किया मतदान

सारंगढ़ विधानसभा अंतर्गत ग्राम रापागुला की दिव्यांग सहोद्रा ने व्हीलचेयर मिलने पर अपने मताधिकार का प्रयोग पहली बार किया। समान रूप से सभी नागरिक को प्रदत्त मतदान का अधिकार नजर के सामने फलीभूत होते हुए गौरवान्वित महसूस की। इस प्रकार सहोद्रा ने लोकतंत्र के निर्माण में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उल्लेखनीय है कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में दस.दस संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इन मतदान केन्द्रों में मतदान दल महिलाएं हैं। इन महिलाओं को ही पीठासीन अधिकारी और मतदान से संबंधित अन्य कार्यों को संपादन करने का जिम्मा सौंपा गया है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा सेल्फी जोन बना मतदाताओं के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र



जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा में कुल 24 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में विशेष तौर पर सजावट की गई है।सेल्फी पॉइंट पर लोग मतदान देकर युवाओं से लेकर बुजुर्ग सभी सेल्फी जोन में अपनी तस्वीर कैद कर रहे हैं और इस बार किए गये मतदान को यादगार बना रहे हैं। कई आदर्श मतदान केंद्रों को फूल माला से सजाया गया है जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। इसी तरह यहां मतदाता मित्र भी वरिष्ठजनों का और दिव्यांग मतदाताओं का भरपूर सहयोग कर रहे हैं। कई स्थानों पर तिलक और आरती लगाकर भी मतदाताओं का स्वागत किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480